**कार्यक्रम** | जॉनसन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ क्रिसमस प्रोग्राम

# सेंटा क्लॉज को देख झूम उठे नन्हे-मुन्ने



जबलपुर, नवभारत। नगर के जॉन्सन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को क्रिसमस के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चे सेंटा क्लॉज़ की पोशाक में थिरकते दिखे। वही कार्यक्रम के पहले अल सुबह से ही स्कूल के ऑडिटोरियम को विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक क्रिसमस ट्री, जगमगाते सितारों एवं सृजनात्मक सजावट से सुसज्जित करते दिखे। स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक समझ विकसित करना तथा प्रेम, करुणा, सेवा और भाईचारे जैसे मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का आगाज़ क्रिसमस कैरोल गीत गाकर किया गया। जिसके बाद डांस प्रतियोगिता की शुरुआत की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में की गई प्रार्थना अमोदा स्टीफन द्वारा सम्पन्न कराई गई। वही सपना थॉमस ने क्रिसमस पर संदेश देते हुए इसे प्रेम, शांति और सेवा भाव का पर्व बताया।

### कार्यक्रम में रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ईसा मसीह के जन्म लेने का दृश्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसके बाद सेंटा क्लॉज़ का स्वागत नृत्य और तालियां बजाकर किया गया। बच्चों ने जश्न गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर पूरे माहौल को उत्साह और आनंद से भर दिया। अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्य के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए और ऐसे कार्यक्रमों को बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### इनका कहना है



विद्यालय का कार्यक्रम बहुत अच्छा था। मुझे बहुत मजा आया मैने ढेर सारी मस्ती की और अंत में मुझे विद्यालय द्वारा उपहार भी मिला।

**दृष्टि श्रीवास, छात्रा**



कार्यक्रम में भाग लेकर बहुत खुशी हुई। प्रोग्राम के दौरान एक प्ले में मैं राजा बना था। मुझे जीजस के बारे में बहुत सी चीजें जानने को मिली।

**लियोन, छात्र**



मैं कक्षा 12वीं की छात्रा हूं। हमारे स्कूल द्वारा आयोजित किए गए प्रोग्राम में बहुत मजा आया क्रिसमस का पर्व हमेशा खुशियां लेकर आता है।

**वंशिका नागेश, छात्रा**



## पहले दिन 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया महायज्ञ

**251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में धर्म और आध्यात्मिक ऊर्जा का उमड़ा जनसैलाब**

**नवभारत,जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित गीता धाम में अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। पहले ही दिन 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मनुष्य में देवत्व के भाव को जागृत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे ध्यान, प्राणायाम और साधना से हुई, इसके बाद देव आवाहन के साथ यज्ञ विधिवत प्रारंभ हुआ। चार घंटे तक चलने वाले यज्ञ में भगवती वेदमाता गायत्री एवं देव शक्तियों का पूजन संपन्न हुआ। चार दिवसीय महायज्ञ में जबलपुर ही नहीं, आसपास के शहरों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थल पर भोजन, आवास, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाएं गायत्री परिवार द्वारा सुनिश्चित की गईं। यज्ञ के दौरान भजन-संगीत, आध्यात्मिक प्रवचन, रक्तदान शिविर और विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी हुआ। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि नर्मदा के पावन तट पर ऐसा भव्य यज्ञ समाज के लिए आध्यात्मिक लाभकारी है। शांतिकुंज हरिद्वार से आए मनीषी श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि संस्कारों के अभिवर्धन से मानव देव तुल्य बन सकता है। कार्यक्रम में स्वामी अखिलेश्वरानंद, नरसिंह दास, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, डॉक्टर जितेंद्र जामदार समेत अनेक संत, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि गायत्री परिवार समाज में संस्कार, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है।

## संयुक्त संघर्ष समिति की शानदार जीत

**नवभारत,जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में शनिवार को संपन्न हुए कार्य समिति और कैंटीन कमिटी निर्वाचन में संयुक्त संघर्ष समिति लेबर यूनियन, कामगार यूनियन एवं एस सी / एस टी यूनियन ने शानदार जीत हासिल की । इस दौरान निर्माणी की तीसरी मान्यता प्राप्त यूनियन सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के प्रत्याशी 7 निर्दलीय उम्मीदवार से भी पीछे रहे । संयुक्त संघर्ष समिति के नेता अर्नब दासगुप्ता, रूपेश पाठक , पुष्पेंद्र सिंह, सुकेश दुबे ,राजेंद्र चढ़ारिया , प्रेम लाल सेन , हरिहर मीना , सीता राम ने इस जीत को कर्मचारियों की जीत बताई है ।

## श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मिलती है मुक्ति : सुरेंद्र शास्त्री



**गणेश नगर कछपुरा में भागवत कथा का आयोजन**

**नवभारत,जबलपुर।** श्रीमद् भागवत कथा परम कल्याणकारी है जिसका श्रवण करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण की वांगमई मूर्ति है, जिसका दर्शन साक्षात् श्री कृष्ण का दर्शन है। उक्त उद्गार भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने गणेश नगर कछपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए। व्यास पीठ पूजन एवं शास्त्री जी का स्वागत मुख्य यजमान निशा वर्मा ने किया। इस दौरान संतोष श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ-नेहा श्रीवास्तव, विपुल-राखी श्रीवास्तव, आकाश-शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे। पूजन कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न कराया। भजनों की प्रस्तुति शिवा विश्वकर्मा और शरद तिवारी ने दी।

## आज नजर आ सकता है माहे रज्जब का चाँद



**नवभारत,जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 21 दिसंबर इतवार मुताबिक़ 29 जमादी-उल-आखिर को माहे रज्जब का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा आज शाम मगरिब के वक़्त चाँद देखन की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर तुरंत मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 93022 56729 पर सूचना दें, ताकि राब्ता कायम कर चाँद ऐलान किया जा सके।

## जेईसी में नए छात्रों को आगे बढ़ाने दिया मार्गदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में दिनांक 20 दिसंबर 2025 को ग्रैंड एल्यूमिनियम मीट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में बैच 2003 से 2007 के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। देश-विदेश और भारत के विभिन्न शहरों से पधारे इन प्रतिभागियों ने इस मीट में हिस्सा लेकर कॉलेज के साथ अपने जुड़ाव को फिर से ताज़ा किया और अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, तकनीकी संचालक, भोपाल ने की। मुख्य अतिथि डॉक्टर मनीष चौबे (पूर्व प्राचार्य) ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उनके साथ डॉक्टर एम पी पांडेय एवं अन्य सेवानिवृत्त एवं निवर्तमान सम्मानित वरिष्ठ प्राध्यापकगण भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने पुराने एवं वर्तमान अनुभव साझा किए। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर राजीव चंदक (वर्तमान प्राचार्य) उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए, कॉलेज के विकास में अपने सुझाव दिए और वर्तमान छात्रों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के वर्तमान छात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुति का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में न केवल देश के बल्कि कई अन्य देशों के लोग जो जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़े हुए हैं एवं आज विदेश में नौकरी कर रहे हैं वह भी आए और इसमें अनुभव साझा किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वर्तमान छात्रों में गुरमीत ओबेरॉय और टीम और पूर्व छात्रों, विशेषकर नेहा गुप्ता, जनार्दन प्रताप सिंह दुबे, मनीष दहिया, अशुतोष बिलठरिया, डॉ. सुनील पटेल, आदि का विशेष योगदान रहा।

### एक नजर में



### देश-विदेश में कार्यरत पूर्व छात्रों ने जूनियर्स को दिया कॅरियर मार्गदर्शन

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन (यूआईसीएसए) विभाग में एमसीए 2000 बैच के विद्यार्थियों का एल्युमिनाई मीट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की प्रेरणा से पूर्व निदेशक प्रो. अरुण कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं वर्तमान निदेशक प्रो. मृदुला दुबे की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को असफलता से न घबराने की सलाह देते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। प्रो. मृदुला दुबे ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एल्युमिनाई मीट में यूएसए, दिल्ली, मुंबई, पुणे, बैंगलोर सहित विभिन्न शहरों एवं देशों में कार्यरत लगभग 15 पूर्व छात्र शामिल हुए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय संस्था व गुरुजनों को देते हुए वर्तमान चुनौतियों, करियर संभावनाओं तथा आईटी क्षेत्र में उभरते अवसरों पर अपने अनुभव साझा किए। वर्चुअल माध्यम से जुड़े विशेषज्ञों ने साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिप्टोग्राफी एवं डाटा स्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय तिवारी ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण एवं एमसीए के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय द्वारा विधिक सहायता शिविर का आयोजन कटियाघाट, जबलपुर में किया गया। विधिक सहायता शिविर के दौरान दैनिक जीवन से जुडे कानूनी विषयों पर उपस्थित ग्रामवासियों को इससे अवगत कराया गया। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुये इसे सामाजिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव, विधि विभागध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्वत, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आकांक्षा अवस्थी, मृत्यंजय तिवारी, शशांक यादव, विजयश्री तिवारी, आकांक्षा मिश्रा, सपना जैन एवं विधि के समस्त छात्रों का विशेष योगदान रहा।



### गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुति से छाया उत्सव का रंग

**नवभारत,जबलपुर।** सर्वधर्म मैत्री मंच द्वारा संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय में क्रिसमस का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सभी धर्म ग्रंथों से पवित्र वचनों का पाठ किया गया। संत जोसेफ कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किए, जबकि संत अलॉयसियस इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रभु ईसा के जन्म की घटना नाट्य रूप में पेश की। फा. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का पर्व है। मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने आपसी प्रेम और एकजुटता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। पूर्व बिशप जेराल्ड अलमेड़ा, फा. डेविस जॉर्ज और सिस्टर नव्या मैथ्यू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने सुंदर क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मंजू मारिया सोलोमन एवं टीम ने किया। मंच संचालन सुश्री एस. शशि कला एवं एबेल वर्गीज ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन एनोश फिलिप्स ने दिया।

## जबलपुर में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 से

**23 से 28 दिसंबर तक मुकाबले, 1216 खिलाड़ी व ऑफिशियल होंगे शामिल**



**नवभारत,जबलपुर।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जबलपुर में 23 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर जबलपुर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में होगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खो-खो (19 वर्ष बालक-बालिका) एवं बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक) की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। पत्रकार वार्ता में डीईओ घनश्याम सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 1010 खिलाड़ी एवं 206 ऑफिशियल्स, इस प्रकार 1216 प्रतिभागी भाग लेंगे। उद्घाटन एवं समापन समारोह दिल्ली पब्लिक स्कूल, मण्डला रोड, जबलपुर में आयोजित होंगे। खेल मैदानों में खो-खो की स्पर्धाएं दिल्ली पब्लिक स्कूल में तथा बास्केटबॉल के मुकाबले दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, एकता चौक, बायपास रोड में खेले जाएंगे। प्रतिभागियों के लिए शहर के विभिन्न छात्रावासों, होटलों एवं विद्यालयों में आवास की व्यवस्था की गई है। शहर के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से 35 बसों की व्यवस्था की गई है। पत्रकार वार्ता में अरुण कुमार इंगले, आशा सिसोदिया, मधुमिता हाजरा, चन्द्रशेखर स्वामी, अजय कुमार रजक, कृष्णकान्त शर्मा, दिनेश गौड़, अजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. रुद्रिका भटेले बनीं प्रदेश टॉपर



**नवभारत,जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की छात्रा डॉ. रुद्रिका भटेले ने एम.डी. फाइनल परीक्षा में 91.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। विभाग के छात्र लगातार राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर क्विज़ व शोध में पुरस्कार जीत रहे हैं। केवल दो फैकल्टी के बावजूद, अत्याधुनिक उपचार, शोध और शिक्षण में विभाग की उपलब्धियाँ इसे प्रदेश में एक अनुकरणीय मॉडल बनाती हैं।

## 250 छात्राओं को मिला स्वरोजगार प्रशिक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर में 15 से 19 दिसंबर 2025 तक वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं कृषि विभाग तथा महिला अध्ययन केन्द्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मशरूम उद्यमिता की कला : सफलता की रणनीतियाँ विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा दवे के निर्देशन में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. एस. पी. गौतम एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. ए. के. अयाची रहे। मुख्य विषय विशेषज्ञ डॉ. जया सिंह ने मशरूम उत्पादन एवं उद्यमिता का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। अन्य वक्ताओं में डॉ. गुंजन पाटिल, डॉ. रुपेश कुमार चौबे एवं डॉ. इक्छा ओमर शामिल रहे।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. एस. एस. संधू ने शासन की योजनाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में लगभग 250 विद्यार्थी एवं 30 प्राध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम संचालन दीपा बंसल एवं आभार प्रदर्शन डॉ. गीता चौबे द्वारा किया गया।

## 72वीं जिला एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में जीते 15 पदक

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर जिला एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संघ द्वारा आयोजित 72वीं जिला एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता सिटी बंगाली क्लब हॉल में आयोजित हुई, जहां जिले भर की व्यायाम शालाओं, हेल्थ क्लबों के बॉडीबिल्डर खिलाड़ियों ने विभिन्न खिताबों की स्पर्धा में भाग लिया। गोहलपुर स्थित अब्बासी हेल्थ क्लब में गोल्डी अब्बासी के कुशल मार्गदर्शन में अभ्यासरत् खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 3 रजत, 6 कांस्य पदक कुल 15 पदक अर्जित किये। जबलपुर उदय ने दानिश आफताब ने स्वर्ण, जबलपुर किशोर में ऋषभ भारद्वाज ने रजत, मोहम्मद मोरिस ने स्वर्ण, जबलपुर कुमार में मोहम्मद इलियास ने स्वर्ण, मोहम्मद वारिस ने कांस्य, शकील कुरैशी ने स्वर्ण, मोहम्मद इरशाद ने कांस्य, मोहम्मद जमीर ने स्वर्ण पदक अर्जित किये। जबलपुर श्री में मो. आसिफ ने कांस्य, मो. रज़ा ने रजत, मो. इमरान ने स्वर्ण, मो. मुबीन ने रजत, मो. परवेज ने कांस्य पदक, जबलपुर केशरी में मो. कदीर ने कांस्य, फैजुलहक ने कांस्य पदक अर्जित किये। इनकी इस शानदार सफलता पर डॉ. राकेश तिवारी, शकील अनवर, सचिन यादव, शहबाज रहमानी ने हर्ष व्यक्त किया।

## खेलकूद से होता है बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास

**वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल में रंगारंग खेल उत्सव, नन्हे बच्चों ने दिखाया उत्साह**



**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइन स्थित वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल में खेल उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवव्रत सिंह (सिविल जज सीनियर डिवीजन) रहे तथा अध्यक्षता दीपांकर बैनर्जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कावेरी शाह पटेल एवं पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी उपस्थित रहीं। ध्वजारोहण व मार्च पास्ट के साथ खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य रूपा बैनर्जी ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को बचपन से खेलकूद की आदत डालनी चाहिए, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता है और वे अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर पाते हैं। कार्यक्रम में बटरफ्लाई रेस, बन्नी रेस, संतुलन रेस, गुब्बारा फोड़ना, रिंग रेस, कपल रेस, नींबू-चम्मच दौड़ एवं पिरामिड रेस आयोजित की गई। टॉपर्स ऑफ क्लास में धुविका खत्री, श्रेयश दास, सूर्यान्स, देवांश पांडे, कीर्ति पटेल व सर्नन्या सुरूतकर शामिल रहे। अधिकतम उपस्थिति के लिए रियांशी पांडे, सानवी परोजी, खुशी कुमारी छत्री व अर्दिका सिन्हा को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट व्यवहार हेतु भाव्या कनौजिया, वैष्णवी कुशवाहा, दिविशा उपाध्याय व श्रेया सिंह तथा एक्टिव छात्र का पुरस्कार यशविनी ठाकुर को दिया गया। कार्यक्रम में वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल व विकलांग सेवा भारती का सराहनीय सहयोग रहा। संचालन नीति श्रीवास्तव व शुभांकोरी बैनर्जी ने किया तथा आभार वंदना बेन ने व्यक्त किया।

**शिविर** | विविधता में नजर आया एकता का संगम

## जबलपुर की विकास गाथा देख मंत्रमुग्ध हुए 12 राज्यों के युवा प्रतिनिधि



**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में इन दिनों 'लघु भारत' की झलक देखने को मिल रही है। शहर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के माध्यम से देश के 12 विभिन्न प्रदेशों से आए युवा प्रतिनिधियों ने न केवल जबलपुर की सांस्कृतिक विरासत को जाना, बल्कि यहाँ हो रहे आधुनिक विकास को देखकर वे अभिभूत हो उठे।

महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में करीब 200 प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने प्रतिनिधियों को जबलपुर की ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया। नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज की उपस्थिति में प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे शहर की 'अतिथि देवो भव:' की परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी।

### नगर निगम सदन और शहर भ्रमण का रोमांच

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों को महापौर के द्वारा नगर निगम के सदन हॉल ले जाया गया। यहाँ युवाओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और नगर सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात, महापौर , केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने स्वयं प्रतिनिधियों को शहर के प्रमुख स्थलों और विकास कार्यों का भ्रमण कराया। वहीं शिविर में आए प्रतिनिधियों ने जबलपुर की स्वच्छता, चौड़ी सड़कों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत हो रहे कार्यों की जमकर प्रशंसा की।



## 86 स्कूलों के 5000 छात्रों ने लिया रामायण ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा

**नवभारत,जबलपुर।** चतुर्थ विश्व रामायण सम्मेलन के तहत तीन दिवसीय रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के 86 स्कूलों के लगभग 5000 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का सफल संचालन अजय बिश्नोई, डॉ. अखिलेश गुमाश्ता, योगेश शर्मा और श्री राम जी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों और समाज भवनों में 20 दिसंबर को सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय समाज और महिला मंडलों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इन आयोजनों के माध्यम से रामायण के आदर्श और संदेश घर-घर तक पहुँचाए जा रहे हैं। विजेताओं को आगामी कार्यक्रमों में प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।